तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 हर पात्र हितग्राहियों के लिए होगा पक्का घर



14 विधायक ने किया सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन



## खबर संक्षेप



### खेत में लगा सोलर पंप चोरी

**महासमुंद।** ग्राम नरतोरी के खेत में लगे सोलर पंप की चोरी के मामले में बागबाहरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी दुर्गेश कुमार चंद्राकरने बताया कि नरतोरी स्थित दिल्ली भांठा भर्री खेत में उसकी दादी जगौती बाई चंद्रकर पति लोकनाथ चंद्राकर के नाम से सौर सुजला योजना के तहत 03 एचपी का सबमर्सिबल सोलर पंप क्रेडा विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 में लगाया गया था। 8-9 अप्रैल को सोलर पैनल और कंट्रोलर को किसी ने चोरी कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### एक्सीडेंट में पिता -पुत्र घायल

**महासमुंद।** एसडीएम कार्यालय सरायपाली के पास बाइक की टक्कर से पिता-पुत्र घायल हो गए। पुलिस को प्रार्थी अयोध्या प्रसाद चौधरी निवासी भंवरपुर रोड अयोध्यानगर बालसी ने बताया कि भंवरपुर रोड में उसकी किराने की दुकान है । 4 अप्रैल को वह अपने पुत्र भुवनेश्वर चौधरी के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीडी 1779 से सरायपाली आ रहे थे। लगभग 7 बजे एसडीएम कार्यालय सरायपाली के पास पहुंचने पर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीटी 4250 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे उसके पुत्र भुवनेश्वर चौधरी के बायें पैर में गंभीर चोंट आई थी। प्रार्थी ने बताया कि उसके भी बायें पैर में चोंट आई थी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## हल्की बारिश





महासमुंद। गुरुवार सुबह से ही मौसम में अचानक आए बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे, शाम 6 बजे हल्की बारिश से मौसम में उमस बढ़ गई।

## शराब तस्कर गिरफ्तार 6 लीटर शराब की गई बरामद

**पिथौरा (ग्रामीण)।** पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ग्राम सरगतोरा निवासी कुलेश्वर बरिहा को महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से कुल 6 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1200 रुपए बताई गई है।

मिली जानकारी अनुसार, प्रधान आरक्षक रथीलाल भोई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सरगतोरा में एक व्यक्ति अवैध रूप से हाथ भट्टी से निर्मित महुआ शराब बिक्री हेतु रखे हुए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु प्रधान आरक्षक अपनी टीम के साथ मौके पर रवाना हुए और गवाहों की उपस्थिति में दबिश दी।

मौके पर आरोपी कुलेश्वर बरिहा पिता मोतीराम बरिहा (उम्र 39 वर्ष) को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसकी तलाशी लेने पर एक पीली जरीकेन में लगभग 5 लीटर एवं एक हरी प्लास्टिक बोतल में लगभग 1 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## कार्रवाई : थम नहीं रहा अवैध खनन, विभाग परेशान

# अवैध रेत खदानों के रैंप तोड़ने रास्तों पर लगाए जाएं बेरिकेड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

महानदी के तटीय इलाकों में रेत के

- शासन-प्रशासन की छबि हो रही धूमिल, लगातार मिल रही शिकायतें

अवैध घाटों में चोरी छिपे उत्खनन का सिलसिला लगातार जारी है। यहां पर ट्रकों को बाहर निकालने के लिए बनाए गए रैंप को नही तोड़े जाने के कारण अवैध उत्खनन पर लगाम नहीं लग पा रही है। दरअसल, जानकारी मिलने पर विभाग कार्रवाई तो करता है। लेकिन, कार्रवाई के बाद एक बार फिर अवैध रेत उत्खननकर्ता अपनी मनमानी पर उतर आते हैं।

बता दें कि पिछले दो हफ्ते से लगातार समाचार प्रकाशन से अवैध रेत उत्खनन माफियों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। पहले खमतराई रेत घाट के बाद अब सेनकपाट रेत घाट के दोनों रेंप को ध्वस्त कर दिया गया।

लेकिन, पूर्व में खमतराई रेत घाट के रैंप को ध्वस्त नहीं किया गया। इसके चलते खमतराई सहित अन्य कई अवैध रेत घाट जैसे सेनकपाट, मोहकम, पीढ़ी, गढ़सिवनी, अछोला, अछोली, मुढ़ैना, नांदगांव, बम्हनी, चिंगरौद आदि में चोरी छिपे रेत उत्खननकर्ता आधी रात रेत चोरी कर रहे हैं।




हाल ही में बम्हनी रेत घाट में मशीन द्वारा होता अवैध रेत उत्खनन।

### रैंप तोड़ने और बेरिकेड लगाए जाने की आवश्यकता

जिले में इन अवैध रेत घाटों में अवैध उत्खननकर्ताओं को रोकेने के लिए रैंप तोड़ने और निकासी मार्ग पर एक निश्चित ऊंचाई में बैरिकेड लगाए जाने की आवश्यकता है जिससे अवैध कार्यों को प्रश्रय नही मिलेगा।

### भाजपा की छबि कर रहे नेताओं के गुर्गे

रेत के अवैध उत्खनन मामले में भाजपा नेताओं के गुर्गे भाजपा शासन की छबि खराब करने में तुले हुए हैं। हाल ही में एक भाजपा नेता के रिश्तेदार और साथियों की सेनकपाट रेत खदान में दखल सामने आई। गांव में जिला प्रशासन से लेकर सीएम हाउस तक की ऊंची पहुंच का हवाला केवल रेत के अवैध कार्य के लिए दिया जाना और आश्चर्यजनक रहा। फिलहाल,

### रायपुर से रोज पहुंच रहा कोई न कोई खनन कर्ता

जिले की खदानों के लिए भेंट परंपरा लगातार जारी है। कोई गांव में आकर प्रभारी मंत्री की धौंस देता है तो कोई विधायक या भाजपा के किसी बड़े नेता का नाम लेकर गांव वालों को उत्खनन के लिए मशीन लेकर पहुंच रहा है। इधर, चढ़ावा हुआ या नही इस बात की पुष्टि तो नहीं की जा सकती लेकिन, शुक्रवार रात से सोमवार सुबह तक गाड़ियां लगाकर इसे अवैध कमाई का जरिया जरुर बना लिया गया है।

# बाजार से 10 रुपए के नोट और सिक्के गायब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

बाजार में इन दिनों 10 रुपए के नोट और सिक्के की कमी से दुकानदार और ग्राहक दोनों ही परेशान हैं। चिल्हर की कमी से जहां व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है वहीं ग्राहकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

बता दें कि बाजार में चिल्हर को लेकर व्यापारी और ग्राहकों में अक्सर नोंक-झोंक होते देखा जा रहा है या तो व्यापारी सामान देने से मना कर देता है या चिल्हर न होने के कारण व्यापारी को सामान देने में परेशानी हो रही है। यह समस्या सब्जी, किराना दुकानों के अलावा पान दुकानों और छोटे व्यापारियों में अधिक देखने को मिल रही है जहां ग्राहक केवल 10 या 20 रुपए के सामान की खरीददारी करते हैं। बाजार में इन दिनों 10 रुपए के जो नोट बाजार में प्रचलन में हैं वह खराब क्वालिटी के चलते जल्द फट रहे हैं और प्रचलन से बाहर हो जा रहे हैं। पार्षद व साहू टी स्टाल के संचालक भाऊराम साहू ने बताया ने बैंक से 10-20 के नोट नहीं मिल रहे हैं। बैंक में छोटे नोट मांगने पर 100-200 और 500 के नोट दे देते हैं, जिससे उन्हें चाय सहित किराना दुकान और ऐसे कई व्यवसाय जहाँ छोटे नोट और चिल्हर की आवश्यकता अधिक होती है वहां ग्राहकों को चिल्हर देने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पान व चाय दुकान संचालक उमेश साहू ने कहा कि 5, 10 व 20 रुपए के नोट और सिक्कों की कमी के चलते परेशानी हो रही है। हमारा छोटा व्यवसाय है , हर दिन 5,10 और 20 रुपए तक की अधिक ग्राहकी रहती है। ऐसे में इनकी कमी के चलते व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।



### राउंड फिगर में खरीदने की मजबूरी

सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि ग्राहक सब्जी खरीदने बड़े नोट लेकर आ रहे हैं लेकिन बाजार में 10, 20 और 5 रुपए न होने से कई ग्राहकों को वापस लौटना पड़ रहा है, जिससे उन्हें काफी नुकसान हो रहा है। सब्जी लेने पहुंचे ग्राहकों ने भी बताया कि चिल्हर की कमी के कारण हमें राउंड फिगर में सब्जी खरीदने की मजबूरी है जिससे परेशानी हो रही है।

### बैंकों से कहेंगे

बाजार में चिल्हर की कमी के मुख्य दो ही कारण हो सकते हैं या तो मांग अधिक है या तो आपूर्ति कम हो रही है। बाजार में यदि छोटे नोटों की कमी है तो सभी बैंकों को 5,10 और 20 के नोट व सिक्के उपलब्ध कराने कहा जाएगा।

**-अभय पारे**
मैनेजर , लीड बैंक महासमुंद

## ग्रीन गांव गबोद बना जल संपन्न, हर घर जल योजना से बदली गांव की तस्वीर

**महासमुंद।** जिले के पिथौरा विकासखंड का ग्राम गबोद, जो अपनी हरियाली और स्वच्छता के लिए "ग्रीन गांव" के नाम से प्रसिद्ध है, अब एक और बड़ी उपलब्धि के साथ नई पहचान बना रहा है। यह गांव अब "हर घर जल ग्राम" घोषित हो चुका है। 14 जनवरी 2025 को गबोद गांव को यह उपाधि तब मिली जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के तहत यहां हर घर में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई। यहां गांववासियों का अनुशासन और देशभक्ति भी तारीफे काबिल है। हर सुबह 7:30 बजे गांव का हर नागरिक अपने घर के बाहर आकर राष्ट्रगान में भाग लेता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 89.39 लाख रुपये की लागत से गांव में 40 किलोलीटर की उच्चस्तरीय जलागार और 760 मीटर पाइपलाइन के साथ 138 घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए गए। इस योजना के तहत अब गांव के हर घर तक शुद्ध जल पहुंच रहा है। इससे पहले महिलाओं और बच्चों को गांव के 5 हैंडपंप और कुछ कुओं से पानी लाना पड़ता था। बरसात के समय पानी लाने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था, और कभी-कभी विवाद भी हो जाते थे। अब यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। महिलाओं को स्वच्छ जल मिलने से स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और समय की बचत होने से वे अब आर्थिक गतिविधियों में भाग ले रही हैं। बच्चों को पढ़ाई का समय मिलने लगा है और गर्भवती महिलाओं को भी विशेष लाभ मिला है, जिससे गर्भपात जैसी समस्याएं कम हुई हैं। गांव के लोग अब जल संरक्षण और पौधारोपण जैसे कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। ग्रीन गाँव का यह उदाहरण अन्य गांवों के लिए प्रेरणा बन रहा है। गांव की महिला पूजा सिंह ठाकुर ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि, "अब पानी की वह समस्या नहीं रही जो पहले होती थी। "



# एटीएल कम्युनिटी सप्ताह का आयोजन 20 तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महासमुंद के अटल टिंकरिंग लैब में एटीएल कम्युनिटी सप्ताह का आयोजन 14 से 20 अप्रैल तक किया जा रहा है। यह आयोजन विद्यालय के प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है, जिसका उद्देश्य भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के जयंती पर सभी के लिए समान अवसरऱ के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना है।

इस सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय के साथ-साथ गैर-एटीएल स्कूलों के विद्यार्थियों को भी लैब से जुड़ने का अवसर दिया जा रहा है। बच्चे प्रोजेक्ट मॉडल, टेलीस्कोप, 3डी प्रिंटर, रोबोटिक्स किट, सोल्डरिंग स्टेशन, ड्रिलिंग मशीन, ऑप्टिक्स और कैथोड रे ऑस्सिलोस्कोप जैसे अत्याधुनिक उपकरणों से परिचित हो रहे हैं। साथ ही वे एटीएल लाइब्रेरी की रोचक पुस्तकों का भी लाभ उठा रहे हैं। 17 अप्रैल को शासकीय आशीबाई गोलछा माध्यमिक विद्यालय के कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ एटीएल लैब का भ्रमण किया। इस अवसर पर एटीएल प्रभारी चंद्रशेखर मिथलेश ने बच्चों को विभिन्न तकनीकी उपकरणों की जानकारी दी तथा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी एवं उनके सामाजिक योगदान पर प्रेरणादायक जानकारी साझा की। कार्यक्रम में व्याख्याता अनिता साहू, नोबेल ध्रुव, मधुमती चंद्राकर, प्रधान पाठक गैंद राम साहू, शिक्षिकाएं चंचला गुप्ता, गायत्री साहू, लता वैष्णव तथा आबिद खान की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इन सभी शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित कर नवाचार की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि विद्यालय के कई पूर्व छात्र-छात्राएं भी नियमित रूप से इस लैब का उपयोग कर अपने प्रोजेक्ट्स एवं शोध कार्यों में संलग्न हैं तथा तकनीकी सलाह एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं। यह लैब अब केवल एक शैक्षणिक संसाधन न रहकर, समुदाय के लिए एक सक्रिय नवाचार केंद्र के रूप में कार्य कर रही है। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों की वैज्ञानिक जिज्ञासा को जागृत कर रहा है, बल्कि उन्हें भविष्य के नवप्रवर्तकों के रूप में तैयार करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास भी है।



## 5.22 करोड़ की लागत से कराए जाएंगे, नहर लाइनिंग व मरम्मत के कार्य

# पीढ़ी जलाशय के कार्यों के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के महासमुंद विकासखंड के अंतर्गत पीढ़ी जलाशय के शीर्ष कार्य एवं नहरों के लाइनिंग, पक्के कार्यों के मरम्मत कार्य का ग्राम लहंगर में गुरुवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भूमिपूजन किया। इस कार्य के पूरा होने के बाद क्षेत्र में सिंचाई की क्षमता बढ़ेगी और किसानों को पानी की कमी नहीं होगी।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रदेश में विकास के नए आयाम गढ़ रही है। प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक सभी सुविधाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से हमारी सरकार कार्य कर रही है। इसी तारतम्य में हमारे क्षेत्र को भी करोड़ों रुपए के विकास कार्य की सौगात मिली है। उन्होंने बताया कि 5.22 करोड़ रुपए की लागत से पीढ़ी जलाशय में विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। इसमें जलाशय के बांयी तट नहर आर.डी. 0 मीटर से 7200 मीटर, दांयी तट नहर आर.डी. 0 मीटर से 1700 मीटर तक जीर्णोद्धार एवं सी.सी. लाइनिंग कार्य, बांयी तट नहर में 3 नग माइनर के मिट्टी कार्य, बांयी एवं दांयी तट नहर में 12 नग पक्के संरचनाओं तथा 23 नग कुलाबा निर्माण कार्य होगा।






### सिंचाई क्षमता में होगी वृद्धि

इस कार्य के बाद क्षेत्र की सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी। इससे हमारे किसान भाइयों को काफी राहत मिलेगी। हमारी सरकार किसान हितैषी सरकार है। इसलिए सरकार बनने के बाद से ही किसान हित में लगातार फैसले ले रही है। आगामी समय में और भी विकास कार्यों की सौगात हमारे जिले और क्षेत्र को मिलती रहेगी। इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश्वरी चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता झनक लाल (मुन्ना) साहू, लहंगर सरपंच पोषण यादव, पीढ़ी सरपंच धरेंद्र साहू, रामेश्वर पटवा सहित ग्रामीणजन, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## ज्वेलरी शॉप से 90 हजार से ज्यादा की चोरी, सीसीटीवी में घटना कैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

बड़ेसाजापाली के एक ज्वेलर्स से 90 हजार रुपए से ज्यादा के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। पुलिस को बड़ेसाजापाली बीट स स्थित उपकार ज्वेलर्स के संचालक उमाशंकर सोनी ने बताया कि 16 अप्रैल को वह दुकान में बैठा था। उसी दौरान एक अज्ञात ग्राहक सोना खरीदने के लिए आया और चांदी का ताबीज एवं सोने का फुली दिखाने के लिए कहा।

जिस पर प्रार्थी ने सामान को दिखाया तब अज्ञात ग्राहक के द्वारा उसे पसंद नहीं किया और कान का टॉप्स दिखाने के लिए कहने लगा और दुकान से बिना सामान लिये चला गया। जाते-जाते मेरे काउन्टर मे 2000 रूपये रखा और कहा कि वह अपनी पत्नी को लेकर आ रहा हूं, तुम्हारे दुकान से और सामान लूंगा कहा। प्रार्थी ने जब उक्त ग्राहक के जाने के बाद मे अपने सामान सोने-चांदी के जेवर को चेक किया तो कान की बाली 01 नग कीमत 23984 रुपए एवं सोने का टॉप्स 03 नग कीमत 69526 रुपए कुल 93510 रुपए के सामान नहीं थे। इसके बाद दुकान मे लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा तो अज्ञात ग्राहक ने दुकान से सोने की चोरी करता दिखाई दिया। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305, 332(सी)-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप



### वार्ड के लोगों को मिली वाटर कूलर की सुविधा

**बसना।** नगर पंचायत बसना वार्ड न.14 के सक्रिय पार्षद इरफान इल्लू द्वारा पूर्व पार्षद अमरीन इल्लू द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए आम जानते के लिए वाटरकूलर का सुविधा उपलब्ध कराया गया। जिससे मोहल्ले वासियों पार्षद इरफान गिगानी कि इस पहल से नगरवासियों में हर्ष व्याप्त है। वार्ड न.15 की पार्षद अमरीन इल्लू साथ में मिलकर शिव मदिर चौक में वाटरकूलर लगाया गया।

### नन्ही बालिकाओं को कराया अन्नप्राशन

**महासमुंद।** पोषण पखवाड़ा अंतर्गत शहरी परियोजना अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में सुपोषण चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में कुपोषण की रोकथाम और पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना है। पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित होगा। इसी क्रम में महासमुंद शहरी परियोजना अंतर्गत गुरु नानक वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित सुपोषण चौपाल में नन्ही बालिका अमायरा का अन्नप्राशन संस्कार विधिवत रूप से संपन्न कराया गया। वहीं, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र में बालिका सिमरन भोई और नर्गिस देवांगन का भी अन्नप्राशन संस्कार किया गया। इस दौरान पोषक आहार से संबंधित खाद्य पदार्थों को टेबल पर सजाया गया था तथा इन पौष्टिक पदार्थों के महत्व को भी बताया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, समाजसेवी निरंजना चंद्राकर, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक शीला प्रधान एवं कुंती यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, और क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रमोशन सहित अन्य मांगों को लेकर संयुक्त संचालक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी रायपुर देवनाथ साहू के नेतृत्व एवं प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक की विशेष उपस्थिति में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग रायपुर राकेश पांडे को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में जिला महासमुंद से ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा महेंद्र चौधरी, ब्लॉक कोषाध्यक्ष पिथौरा गौरीशंकर पटेल, अनूप नायक सम्मिलित हुए।



देवनाथ साहू ने बताया कि रायपुर संभाग में कार्यरत शिक्षक एलबी संवर्ग की पदोन्नति माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पदों पर प्रदेश के अन्य संभागों में किया जा चुका है किंतु रायपुर संभाग में पदोन्नति की प्रक्रिया उच्च न्यायालय से प्रकरण निराकृत होने के बाद भी पदोन्नति नहीं होने से शिक्षक संवर्ग आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान हैं एवं शिक्षक संवर्ग में भारी आक्रोश व्याप्त है, उन्हें शीघ्र पदोन्नति प्रदान करने की मांग पर जेडी ने बताया कि 1 अप्रैल 2023 की वरिष्ठता सूची डीपीआई से जारी की गई है, अतः न्यायालयीन प्रक्रिया के संबंध में डीपीआई से मार्गदर्शन लेने के पश्चात ही पदोन्नति प्रदान किया जाएगा। सहायक शिक्षक एलबी ई एवं टी संवर्ग की पदोन्नति, शिक्षक के अद्यतन रिक्त पदों पर करने संबंधी तैयारी की जानकारी दी। शिक्षक एलबी ई एवं टी संवर्ग की व्याख्याता के पदों पर पदोन्नति हेतु त्रुटि रहित वरिष्ठता सूची संभाग स्तर पर जारी कर लोक शिक्षण संचालनालय को शीघ्र संप्रेषित किया जावे। शिक्षक एलबी ई एवं टी संवर्ग के कर्मचारियों द्वारा उच्च योग्यता अर्जित करने एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने हेतु दिए गए आवेदन के आधार पर अनापत्ति प्रमाण पत्र शीघ्र जारी करने की मांग पर उनके द्वारा बताया गया कि आपत्तियों का निराकरण करने के पश्चात अनापत्ति आदेश जारी किया जावेगा। पदोन्नत प्राथमिक शाला प्रधान पाठकों का नाम माध्यमिक शाला प्रधान पाठक एवं व्याख्याता के पदों पर पदोन्नति हेतु जारी किए जाने वाले वरिष्ठता सूची में शामिल किया जाए। शिकायत के आधार पर शिक्षक संवर्ग के एलबीई एवं टी संवर्ग के ऊपर निलंबन जैसी अनुशासनात्मक कार्रवाई के दौरान निलंबन अवधि में कार्यरत जिले के अंतर्गत कार्यालय अथवा विद्यालयों में ही संलग्न किया जाए। संयुक्त संचालक ने सभी मांगों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए मांगों की पूर्ति का भरोसा दिलाया। जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, शोभा सिंहदेव, पूर्णानंद मिश्रा, केशवराम साहू, अर्चना तिवारी, सादराम अजय, लालजी साहू, नंदकुमार साहू, विजय प्रधान, प्रदीप वर्मा, नरेश पटेल, लोरिश कुमार, राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक, ललित साहू, कौतुक पटेल, पुष्पलता भार्गव, अरुण प्रधान, अनिल साव, हेमंत दास, गजानंद भोई, वीरेंद्र नर्मदा, खोशिल गेंद्रे, दीपक देवांगन, दिलीप नायक, खिलावन वर्मा, कौशल साहू, तुलेंद्र सागर, विकास साहू, जगदीश सिन्हा, सम्पा बोस, दमयंती कौशिक, लक्ष्मण दास मानिकपुरी, मनीष अवसरिया, देवेंद्र चंद्राकर, राधेश्याम पटेल, गौरीशंकर पटेल, सोमनाथ चौहान, कैलाश पटेल, महेन्द्रपाल साहू, देवेंद्र भोई, वारिश कुमार, पवन साहू ने संयुक्त संचालक संभाग रायपुर से पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति की मांग की है। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।



### एनडीए में सिलेक्ट हुए जलज के घर पहुंचे विधायक

**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोनदादर के निवासी मनोज चंद्राकर के सुपुत्र जलज चंद्राकर का चयन एनडीए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के लिए होने पर छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारकाधीश यादव जलज के घर पहुंचे। इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, जलज के पिता मनोज चंद्राकर, माता राधा चंद्राकर, भीम चंद्राकर, हीरा चंद्राकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जन एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।



### भोरिंग में संकुल स्तरीय उत्कृष्ट सम्मान का आयोजन

**महासमुंद।** संकुल स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय शिक्षक विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन हाईस्कूल भोरिंग में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा रहे। अध्यक्षता पोखन ढीढी अध्यक्ष एसएमडीसी ने की। विशिष्ट अतिथि जोगेश्वर सिन्हा बीआरसी थे। कार्यक्रम में प्राचार्य दीवान, स्कूल प्रमुख वेदराम गिलहरे सहित संकुल अंतर्गत आने वाले स्कूलों के विद्यार्थी व शिक्षक मौजूद थे। बीआरसी सिन्हा ने कि शिक्षक और विद्यार्थी को पढ़ने और बढ़ाने के गुर बताए। कार्यक्रम में विशेष रूप से सूरज साहू, सत्यप्रकाश साय, राज कुमार आवड़े, गोवर्धन खुटे, जीवन साहू, शिक्षक खान उपस्थित रहे।



### एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय को परिषद की बैठक में शामिल किए जाने की मांग उठाई

**महासमुंद।** नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने नगर पालिका में अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदन देकर कहा है कि परिषद की आगामी बैठक 23 अप्रैल को आयोजित है जिसमें एक राष्ट्र एक चुनाव विषय को शामिल किया जाए। उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण हरबंश सिंग नानू भाई, पवन पटेल, शुभ्रा शर्मा, भारती चंद्राकर, भाऊराम साहू, सीता तोंडेकर, पीयूष साहू, माधुरी यदु, प्रीति बादल मक्कड़, जरीना बेगम, माखन पटेल, चंद्रशेखर बेलदार, कल्पना सूर्यवंशी, निश्चय चंद्राकर, सुनैना पप्पू ठाकुर, धनेश्वरी सोनवानी, मुन्ना देवार, धनेंद्र चंद्राकर व विधायक प्रतिनिधि हफिज कुरैशी ने हस्ताक्षरित आवेदन से मांग की है कि एक राष्ट्र एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है ताकि समय, संसाधन, और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके तथा देश के विकास कार्यों में निरन्तरता बनी रहे। इससे राजनैतिक स्थिरता भी आयेगी, मतदाताओं की जागरूकता और भागीदारी बढ़ेगी यह क्रांतिकारी कदम साबित होगा। भारत का लोकतंत्र और मजबूत, कुशल, पारदर्शी बन सकता है। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे से भेंट किया गया तथा सामान्य सभा बैठक में जोड़ने कहा गया। इस अवसर पर शहर महामंत्री एमआर विश्वनाथन, राजू चंद्राकर पूर्व पार्षद, सोनाधर सोनवानी पूर्व पार्षद, शरदराव मराठा, गौरव राठी, रोशन बग्गा उपस्थित थे।

# चैंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष पद के लिए हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ चैंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज महासमुंद जिला से प्रदेश उपाध्यक्ष के लिए मतदान आज सरस्वती शिशु मंदिर महासमुंद में किया गया जिसमें व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए बेहतर मतदान किया। 479 मतों में 433 मत पड़े जो कि व्यापारियों के उत्साह और एकता का परिचायक है।

चुनाव प्रचार के दौरान जय व्यापार पैनल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चैंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज अमर परवानी ने व्यापारियों से कहा कि जीत किसी की हो, व्यापारी हितों के लिए मतदान आवश्यक है।





उल्लेखनीय है कि महासमुंद जिला उपाध्यक्ष के लिए जय व्यापार पैनल से संजय अग्रवाल तथा एकता पैनल से प्रवीण अग्रवाल प्रत्याशी हैं। प्रदेश मंत्री पद के लिए जय व्यापार पैनल के महासमुंद से जीतेंद्र चंद्राकर निर्विरोध होने के कारण चुना जाना तय है। मतदान सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक हुआ। इसमें सरायपाली विखं से 148, बसना विख से 35, पिथौरा से 7 बागबाहरा विख से 42 महासमुंद बिरकोनी से 247 सदस्य है।



### साहू की रचना संग्रह का विमोचन

**महासमुंद।** पिछले दिनों सेवानिवृत प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भागवत प्रसाद साहू का 81 वां जन्मदिन उसके परिजन द्वारा मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि निखिलकांत साहू अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद महासमुंद थे। इस दौरान भागवत प्रसाद साहू द्वारा लिखित रचना संग्रह ₹चल-चल, मुझे ले चल उस गांव₹ का विमोचन नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया। इस कार्यक्रम में सम्मानीय व्यक्ति शिक्षक मनोहर लाल चक्रधारी, निहाल देवांगन, शिक्षक एलपी शुक्ला, संदीप दीवान, लोचन चक्रधारी, रोहित मिश्रा, ढालू राम साहू, लोमश आनंद, कथा वाचक व्यास नारायण तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ली ने कृषि एवं संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना सहित कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी और व्यापक रूप से किया जाए, ताकि अधिकतम किसानों को इनका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जिले में केवल धान पर निर्भरता कम करते हुए व्यवसायिक फसलों, दलहन-तिलहन और जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि किसानों को इन वैकल्पिक फसलों की ओर प्रेरित करें और बाजार मांग के अनुसार उत्पादन सुनिश्चित कराएं, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य मिल सके। उन्होंने कोदो, कुटकी एवं रागी जैसी पारंपरिक फसलों को बढ़ावा देने के लिए किसानों की पहचान कर विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में खाद और बीज की उपलब्धता और वितरण पर भी चर्चा की। कलेक्टर लंगेह ने पशुपालन विभाग के अधिकारी से पशुओं के पंजीयन, उपचारित पशुओं की संख्या, टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मोबाइल यूनिट के माध्यम से गांवों तक पहुंचकर पशुपालकों को लाभ दें। उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने भी विभागीय गतिविधियों, उपलब्धियों एवं किसानों को लाभान्वित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। बैठक के अंत में कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि जिले के किसानों एवं ग्रामीण जनों को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सके।

# महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा तीन दिवसीय आत्मरक्षा कार्यक्रम का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन में क्रीड़ा विभाग द्वारा तीन दिवसीय आत्मरक्षा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। राज किशोर पटेल द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संध्या भोई, उपेंद्र कुमार बरिहा, खीरसागर पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित उपेंद्र कुमार बरिहा, खीरसागर पटेल द्वारा बच्चों को आशीर्वचन एवं क्रीड़ा विभाग को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दी गई और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. संध्या भोई द्वारा यह कार्यक्रम महाविद्यालय के लिए कितना लाभकारी है इसको बताया गया और उनके द्वारा बताया गया कि आत्मरक्षा कार्यक्रम व्यक्तियों को अपनी सुरक्षा और आत्म-रक्षा के लिए तैयार करने में मदद करता है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और अन्य कमजोर वर्गों के लिए उपयोगी होता जाती हैं, जैसे कि किक, पंच, और थ्रो। इसके अलावा, मानसिक, शारीरिक तैयारी और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए तकनीकें भी सिखाई जाती हैं। आत्मरक्षा कार्यक्रम में दैनिक जीवन में सुरक्षा के लिए गुर और सलाह भी दी जाती हैं। फिर



है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण से व्यक्तियों में आत्मविश्वास बढ़ता है। यह प्रशिक्षण व्यक्तियों को अपनी सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूक बनाता है। आत्मरक्षा तकनीकें व्यक्तियों को आक्रमण का सामना करने में मदद करती हैं। आत्मरक्षा कार्यक्रम विभिन्न शारीरिक तकनीकें सिखाई श्रोता-वक्ता के रूप में उपस्थित योगेश्वरी सिदार एवं क्रीड़ा अधिकारी प्रवीण कुमार साहू द्वारा लगभग आत्मरक्षा के 20 कौशल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, कोई आपके बाल को पकड़े तो कैसे करें? कोई आपके हाथों को पकड़े तो कैसे करें? कोई आपके गर्दन को पकड़े तो कैसे करें? कोई आपके कमर को पकड़ रहे है तो क्या करे? इत्यादि सभी का अभ्यास कराया गया। तत्पश्चात हमारे मुख्य श्रोतवक्ता के रूप में उपस्थित सौनक राय द्वारा कराते की मुख्य विषय पर प्रकाश डाला गया। कराते एक उपयोगी मार्शल आर्ट है जो आत्म-रक्षा, शारीरिक प्रशिक्षण, और मानसिक अनुशासन के लिए उपयोगी होता है। यह व्यक्तियों को आत्म-विश्वास बढ़ाने, शारीरिक क्षमता बढ़ाने, और मानसिक शांति प्राप्त करने में मदद करता है, जिससे वे अपने जीवन में अधिक सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन सकते हैं। कराते व्यक्तियों को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करता है, और यह एक उपयोगी गतिविधि है जो व्यक्तियों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाती है एवं इन सभी घटनाओं में अपना आत्मबल कैसे बनाएं रखना है इसके बारे में जानकारी दी गई।



### बेबी किट का वितरण

**महासमुंद।** महावीर इंटरनेशनल महासमुंद शाखा द्वारा शासकीय अस्पताल में बच्चों के लिए बेबी किट का निःशुल्क वितरण विगत 6 वर्षों से किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंगलवार को सरकारी अस्पताल में 50 बेबी किट प्रदाय किया गया। इस दौरान संस्था के महासमुंद शाखा अध्यक्ष हेमंत मालू, उपाध्यक्ष मनोज मालू, सदस्य ललितांग गोलछा और अस्पताल के स्टाफ और बच्चों के माता-पिता मौजूद रहे। उक्ताशय की जानकारी संस्था के सचिव रविंद्र जैन ने दी।



### पोषण पखवाड़ा मनाया गया

**महासमुंद।** डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 16 आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में पोषण पखवाड़ा मनाया गया जिसमें गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम की गई साथ ही गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए कौन-कौन सी दवाइयां कौन-कौन सी उपयोगी है उनके बारे में जानकारी दी गई व आंगनबाड़ी केंद्र में ही टीकाकरण भी आयोजित किया गया था। उक्त कार्यक्रम में वार्ड पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, महिला बाल विकास से शीला प्रधान, समाजसेविका निरंजन चंद्राकर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रागिनी चंद्राकर, आंगनबाड़ी सहायिका वंदना भोई, मितानिन गोदावरी साहू, सत्या साहू, मीना चंद्राकर व वार्ड की महिलाएं उपस्थिति रहीं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की संविधान स्मरण यात्रा 28 अप्रैल तक, लोगों को करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संध्या भोई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यूके बरिहा के निर्देशन में संविधान स्मरण उत्सव का आयोजन 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक किया जा रहा है। भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के द्वारा लिखित संविधान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

सर्वप्रथम महाविद्यालय में भारतीय संविधान के जनक डॉ. भीमराव अंबेडकर के जयंती को बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से राजनीति विज्ञान परिषद के द्वारा आयोजित किया गया। इसी तरह महाविद्यालय में संविधान से संबंधित वाद विवाद, प्रश्नोत्तरी एवं व्याख्यान माला का भी आयोजन किया जाएगा। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग बाहुल्य गांव में बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को जानने हेतु एक जागरूकता रैली का आयोजन ग्राम खपरीडीह में किया गया। महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष यूके बरिहा ने इस सभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान और भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर पूरे भारतवर्ष में संविधान स्मरण उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, निश्चित रूप से संविधान स्मरण उत्सव के अंतर्गत लोग संविधान को जाने और अपने अधिकार और कर्तव्य के प्रति सजग रहें। एक सफल लोकतंत्र के निर्माण के लिए संविधान को जानना बहुत ही आवश्यक है, डॉ भीमराव अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं महामानव थे। अंबेडकर व्यक्ति नहीं एक ऐसी विचारधारा थे जो समाज के कमजोर पिछड़े एवं दलित वर्ग के लोगों को समाज के मुख्य धारा में शामिल करने के लिए उन्होंने अपनी जीवन पूरी तरह से समर्पित कर दिया था। स्वतंत्रता, समानता और सामाजिक न्याय की अवधारणा बाबा साहब अंबेडकर का महत्वपूर्ण देन है, महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा देने के लिए कई कानून बनाए और पुरुषों के समान ही उनको समाज के मुख्य धारा में शामिल किया। उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य की अवधि का निर्धारण उनके ही द्वारा किया गया साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए उनके ही दूरगामी सोच के कारण भारत में रिजर्व बैंक आफ इंडिया की स्थापना की गई। विश्व के पांच बड़े विद्वानों में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को गिनती की जाती है, उन्होंने अपनी योग्यता और काबिलियत के आधार पर अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से डीएससी की उपाधि प्राप्त की थी। वह ज्ञान के अथाह भंडार थे जिसके बदौलत वह किसी भी बातों को पूरी तरह से तर्क के माध्यम से निर्णय देते थे। उनके द्वारा किया गया कार्य आज समाज में एक नई क्रांति का आगाज कर रहा है डॉ भीमराव अंबेडकर भारत के पुनर्निर्माण में एक ऐसे पुरोधा थे जिन्होंने




सामाजिक और आर्थिक विषमता को दूर करने के लिए, समाजवादी व्यवस्था को अपनाया था। प्राचीन कालीन वर्ण व्यवस्था के कारण समाज में जो विकृति आई थी उसको दूर करने के लिए जीवन भर उन्होंने संघर्ष किया और सफलता प्राप्त की, महात्मा गौतम बुद्ध के उपदेशों को जीवन में आत्मसात कर ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के द्वारा स्थापित स्कूलों के माध्यम से बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन दिया गया। इन्हीं आदर्शों को लेकर के डॉ भीमराव अंबेडकर ने कार्य प्रारंभ किया, पहले समय में छुआछूत और अस्पृश्यता की भावना इतनी ज्यादा पाई जाती थी कि स्कूल में पढ़ने वाले सहपाठी छात्र साथ में नहीं बैठते थे और पीने के लिए पानी भी नहीं दिया जाता था। इस प्रकार से सामाजिक दुर्भावना का शिकार होने के बाद उन्होंने भारत में जातिवादी व्यवस्था को समाप्त करने का निर्णय लिया, आज उनके बदौलत कमजोर वर्ग के लोगों को अधिकार और कर्तव्य दिया गया है जिससे वह समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर एक अच्छे नागरिक बने। आज उनके संविधान की प्रासंगिकता इस आधार पर बढ़ जाती है कि उन्होंने संविधान में जिन सिद्धांतों एवं उद्देश्यों का उल्लेख किया है कोई भी सरकार इसका दुरुपयोग न करें। एक अच्छी संविधान वह है जो एक कार्यपालिका अपनी जवाबदेही से जन आकांक्षाओं और लोक कल्याणकारी कार्यों को पूरा करने के लिए संकल्पित और प्रतिबद्ध है आज बाबा साहब अंबेडकर के विचार प्रासंगिक ही नहीं, वरन राष्ट्र के पुनर्निर्माण में एक मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है। ग्राम खपरीडीह में बाबा भीमराव अंबेडकर के विचारों को एक सभा के माध्यम से बताया गया और उनके द्वारा स्थापित गरिमा, मानवीय आदर्श एवं मूल्यों को अपनाने हेतु जोर दिया गया। रैली में प्रेरक नारा के माध्यम से बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के योगदान को रेखांकित किया गया। तत्पश्चात स्वाभिमान यात्रा में ग्राम खपरीडीह के गणमान्य नागरिक उपसरपंच आशा रात्रे, साधुराम ओगरे, रामचरण ओगरे, नारायण पटेल, मोतीराम नायक, अभिमन्यु कलेत, बैजनाथ नायक, भूपेंद्र भोई, अंबिका बुडेक, कल्याणी भोई, राजकुमार नेताम, सेत कुमार बारिक, नंदलाल साहू, राधेश्याम नेताम, धनुर्जय, शासकीय प्राथमिक शाला प्रधानपाठक निर्मल पुरोहित, सहायक शिक्षक गीतांजलि भोई, उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सुरेंद्र भोई, शिक्षक अनिल चौधरी, बिंदु सोना, महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्राची गुप्ता प्रधानपाठक के सह संयोजक पीतांबर बाघ तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं और ग्रामीण जन उपस्थित थे इस संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन पी.बाघ एवं आभार प्रदर्शन प्राची गुप्ता ने किया। महाविद्यालय के द्वारा जन जागरूकता अभियान के तहत ऐसे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में जाकर संविधान को जाने विषय पर कार्यशाला का आयोजन आगामी कुछ दिनों में भी किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### सुपोषण व अन्नप्राशन्न पखवाड़ा मनाया गया

**महासमुंद।** वार्ड नं. 14 रेलवे लाइन किनारे स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषण एवं अन्नप्राशन पखवाड़ा के अंतर्गत पोषण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड नं. 1 पार्षद पति रिंकू चंद्राकर अतिथि बतौर उपस्थित थे। पोषण आहार का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि छग प्रदेश की विष्णुदेव सरकार के निर्देश पर प्रदेश में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक सुपोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि छोटे बच्चे कुपोषण का शिकार न हो सभी बच्चे, गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार की व्यवस्था सरकार के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से किया जाता है इसका लाभ वार्ड की जनता लें तथा अपने छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजे जिससे उनका व्यक्तित्व विकास छोटेपन से प्रारम्भ होगा। कार्यकर्ता एवं सहायिका से कहा गया कि केंद्र में आ रहे बच्चों की देखभाल अच्छे से हो। पोषण दिवस में प्रमुख रूप से भाजपा नेता पलास यादव, विष्णु यादव, आंगनबाड़ी 14 की कार्यकर्ता गायत्री निषाद, वार्ड नं 1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू ठाकुर, सहायिका सहित वार्ड की महिलायें बच्चे उपस्थित थे।

### कांपा में पोषण पखवाड़ा का आयोजन

**महासमुंद।** गुरुवार को आंगनवाड़ी केंद्र कांपा में पोषण पखवाड़ा के तहत सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे आंचल सोनी, वेनिता साहू, रोहिणी साहू की गोदभराई कार्यक्रम किया। इस दौरान सभी वार्ड पंच कुलेश्वरी साहू, प्रमिला साहू, राधिका सोनी, कौशिल्या गायकवाड़, कुबेर युगर, जानकी साहू, बुधवंतिन भारती, कार्यकर्ता सीमा बंधे, तारा सोनी, बिटान गायकवाड़, मितानिन हुमन दुबे उपस्थित रहे।

## जागरूकता : दो दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

# भाषण में निकिता, चित्रकला में ऋतिक और रंगोली में राजकुमारी प्रथम रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें : योगेश्वर राजू सिन्हा

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में दो दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन में दिनांक 15 एवं 16 अप्रैल को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सड़क सुरक्षा कार्यक्रम की संयोजक डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद एवं सह संयोजक अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई रहे। द्वितीय दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा रहे, विशिष्ट अतिथि नीता बाजपेयी राज्य एनएनएस अधिकारी छग शासन, मुख्य वक्ता धनेंद्र ध्रुव उप पुलिस अधीक्षक यातायात विभाग महासमुंद रहे। आज दिनांक 16 अप्रैल को द्वितीय दिवस सड़क सुरक्षा पर सेमीनार एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। उक्त



कार्यक्रम की शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजकुमारी भारती श्याम बालाजी महाविद्यालय, द्वितीय स्थान अर्पिता सोनी शांत्रीबाई महाविद्यालय महासमुंद एवं तृतीय स्थान अंजली चंद्राकर श्याम बालाजी महाविद्यालय महासमुंद ने प्राप्त किया। सभी प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी को 2100 रु पुरस्कार राशि, प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। इसी प्रकार द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को 1100 रु पुरस्कार राशि, प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को 500 रु, प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी सम्मिलित विद्यार्थियों को सहभागिता प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में महासमुंद ब्लॉक के 8 रासेयो इकाई से 250 स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी सम्मिलित हुए।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय से कला संकाय प्रमुख डॉ रीता पांडेय, डॉ. नीलम अग्रवाल, डॉ ई पी चेलक विज्ञान संकाय प्रमुख, डॉ दुर्गावती भारतीय, डॉ. सीमारानी प्रधान, कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरस्वती वर्मा, राजेश्वरी सोनी, मनहरण ठाकुर, गायत्री चंद्राकर, चुम्मन लाल निषाद, दिलीप बढ़ई, दिलीप लहरे, मुकेश साहू कार्यालय प्रमुख, प्रकाशमणि साहू, रोहित ढीमर सहित सभी 7 रासेयो इकाई शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद, शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद, शांत्रीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय महासमुंद, श्याम बालाजी महाविद्यालय महासमुंद, इंडियन कॉलेज महासमुंद, शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। संचालन अजय कुमार राजा सह संयोजक एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डॉ. मालती तिवारी द्वारा किया गया।

# मनबाय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सेक्टर- घुंचापाली के ग्राम सोनापुटी के आश्रित ग्राम मनबाय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव कोमल साहू सरपंच बिमला रेखराज निषाद पंच, उपसरपंच राजेंद्र साहू, पंच नैनसिंह ध्रुव, मेघनाथ टंडन, सेवन महिलाने, धसन कुर्रे, डिगेश्वर ध्रुव, गेंदकुमारी महिला एवं बाल विकास



विभाग के पर्यवेक्षक सरोजनी आदित्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, ग्राम के सक्रिय सदस्य, आम जनता उपस्थित थे। ग्राम सभा में उपस्थित सदस्यों से उनके व्यक्तिगत समस्या व ग्राम में होने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा किया गया। साथ ही समस्या के समाधान के लिए आवेदन प्राप्त ग्राम सभा कार्रवाई पंजी में पंजीयन किया गया। पोषण पखवाड़ा अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के सेक्टर सुपरवाईज़र सरोजनी आदित्य के द्वारा ग्राम सभा में पोषण अभियान को घर घर पहुंचाने के उद्देश्य गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरपंच द्वारा पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत किए जाने वाले सामुदायिक कार्यक्रम को समुदाय के लिए लाभकारी बताया गया। सेक्टर सुपरवाईज़र सरोजनी आदित्य द्वारा पोषण प्रदर्शन के माध्यम से रेडी टू ईट फूड से बने व्यंजन, संतुलित आहार, सततस्तनपान, 0 से 2 वर्ष तक के बच्चो का उचित देखभाल( स्वर्णिम 1000 दिवस), व सी-सैम, मैम कार्यक्रम के बारे में बताया गया। जिसमें 6 माह से 59 माह के कम वजन के बच्चो को समुदाय के सहयोग व सही देख रेख से घर पर ही ठीक किया जा सकता हैं। साथ ही स्थानीय स्तर में मिलने वाले पौष्टिकता से भरपूर आहार को अपने भोजन में शामिल करने के लिए सभी जन समुदाय को प्रेरित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनिता सोनवानी व देववती भारद्वाज द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र से प्रदान किए जाने वाले रेडी टू ईट फूड का सेवन प्रतिदिन करने के लिए बताया गया।

# छोटेटेमरी में न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासकीय प्राथमिक शाला छोटेटेमरी, संकुल केंद्र बड़ेटेमरी में विरेंद्र साव (अध्यक्ष एसएमसी छोटेटेमरी) द्वारा स्वप्रेरित होकर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस नेवता भोज कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष वीरेंद्र साव, पूर्व उपसरपंच सुरेश साव, सद्दाम हुसैन, पूर्णचंद भोई, जब्बार खान, गोकुल जगत, सुभाषिनी साव, राधिका भोई, खेलकुंवर साव, शिक्षिका तंजु साव, प्रीतम पटेल, रसोइया खैरुन हुसैन आदि उपस्थित रहे। प्रधान पाठक गफ्फार खान ने नेवता भोज प्रदान करने के लिए वीरेंद्र साव (



एसएमसी अध्यक्ष) को धन्यवाद दिया और उपस्थित समिति सदस्यों और पालकगणों का आभार प्रदर्शन किया है। नेवता भोज के इस आयोजन पर बसना विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डॉ. पूर्णानंद मिश्रा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, बद्री विशाल जोल्हे, लोकेश्वर सिंह कंवर, बड़ेटेमरी नोडल प्राचार्य शरद प्रधान, संकुल समन्वयक बड़ेटेमरी वारिश कुमार और पालकगणों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उक्त जानकारी प्रधान पाठक गफ्फार खान ने दी है।

# एक महीने से हड़ताल पर पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत उतेकेल के सचिव मोहित साहू की हृदयघात से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

जनपद पंचायत पिथौरा परिसर में अपनी शासकीयकरण की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों को आंदोलन करते एक महीना पूरा हो गया है। इस बीच आंदोलनरत पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत उतेकेल के सचिव मोहित साहू की हृदयाघात से दुखद मृत्यु हो गई। मोहित की यह असमय मौत आंदोलन में शामिल सभी पंचायत सचिवों और उनके परिजनों के लिए गहरा आघात लेकर आई है। मोहित साहू विगत कई दिनों से लगातार आंदोलन में शामिल हुए थे और शासन से पंचायत सचिवों की सेवा नियमित करने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे थे। भूख हड़ताल के चलते उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई और अंततः वे इस आंदोलन के



शहीद बन गए। इस संबंध में ब्लॉक अध्यक्ष मुरलीधर साव ने कहा कि हमने कई बार शासन से मांग की, लेकिन हमारी आवाज को अनसुना किया गया। अब जब हमारे एक साथी की जान चली गई है, तो यह सिर्फ आंदोलन नहीं, बल्कि संघर्ष का प्रतीक बन गया है। मोहित की शहादत बेकार नहीं जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि अब यह आंदोलन स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं रहेगा। जल्द ही पंचायत सचिवों का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली के जंतर मंतर पर भूख हड़ताल करेगा, ताकि उनकी मांगों की गूंज देश की राजधानी तक पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की रीढ़ माने जाने वाले पंचायत सचिवों की उपेक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मोहित साहू की मृत्यु ने प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर कर दिया है। अब देखना यह है कि शासन इस संघर्ष और बलिदान को कैसे जवाब देता है।

# संत गुरु बाबा रविदास के विचारों से समाज को जोड़ने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

रविदास समाज का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन ऐतिहासिक रूप से बागबाहरा में विगत दिनों संपन्न हुआ। समाज की एकता, प्रगति और युवाओं को मार्गदर्शन देने हेतु आयोजित इस महासम्मेलन में प्रदेशभर से हजारों की संख्या में समाज बंधुओं ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संत गुरु रविदास ने जो संदेश हमें दिया- जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता को अपनाने का, वह आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। हमें उनके विचारों को व्यवहार में लाना होगा, तभी सच्चे अर्थों में उन्हें श्रद्धांजलि दी जा सकेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चर्मकार शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा ने की, जिन्होंने अपने वक्तव्य में समाज के आर्थिक और शैक्षिक विकास पर बल दिया।

विशेष अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष देवेंद्र रतिया, प्र. अध्यक्ष विजय महार, तथा जिला पंचायत सदस्य लोकनाथ बारी मंचासीन रहे और सभी ने समाज की मजबूती, शिक्षा और संगठनात्मक विकास पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम की शुरुआत संत गुरु रविदास जी की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसमें संत की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सभी ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस महासम्मेलन की विशेषता यह रही कि इसके साथ ही एक युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाज के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह सम्मेलन पारिवारिक समरसता और सामाजिक मजबूती की दिशा में एक सार्थक पहल मानी जा रही है। सभा स्थल पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी संत रविदास के जीवन और संदेशों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने भावविभोर होकर सराहा।

समारोह के अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों, समाजसेवियों, युवा प्रतिभागियों और वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया तथा यह संदेश दिया कि जब तक समाज संगठित और शिक्षित नहीं होगा, तब तक बदलाव संभव नहीं। इस दिशा में ऐसे कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होंगे। यह महासम्मेलन न केवल एक आयोजन था, बल्कि समाज को दिशा देने और जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम बना। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल नपा उपाध्यक्ष देवेश साहू मिथुन अमीर, अज्जू अमीर नारायण कोसरिया, नकुल मेहर खिलावन मेहर भूतेश्वर सोनवानी फगुनू अजगले, तोरण, सरपंच पद्मिनी बांधे, खीर चंद बारी, लालसिंह रौतिया सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गण, ग्रामीण जन तथा बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।



### सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज के उपनयन संस्कार में शामिल हुईं विधायक चातुरी

**सरायपाली।** अंचल के बलौदा में सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज द्वारा आयोजित उपनयन संस्कार में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद शामिल हुईं। इस अवसर पर 9 बटुकों का हुआ बटुक उपनयन संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर आयोजित कार्यक्रम को विधायक चातुरी नंद ने संबोधित किया। इस दौरान सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों की मांग पर सर्व ब्राह्मण समाज भवन बलौदा के आहता निर्माण हेतु 3 लाख रुपए विधायक निधि से देने की बड़ी घोषणा विधायक चातुरी नंद ने की। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष नित्यानंद मिश्रा, मुरली धर पाढ़ी, सुरेश कर, पीतांबर दास, चूड़ामणि महराज, विद्याभूषण सतपथी, अजय पाढ़ी, किशोर कर, पप्पू सतपथी, शेखर पाणिग्रही सहित ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### युवा कांग्रेस के तीसरी बार अध्यक्ष बने अमन

**महासमुंद।** महासमुंद जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद शीर्ष नेतृत्व ने फिर एक बार अमन चंद्राकर को जिले की कमान सौंपी गई है। घोषणा होते ही युवाओं में भरी उत्साह देखने कों मिला रायपुर से अपना नियुक्ति पत्र लेकर आते हुए अमन चंद्राकर का ग्राम खरोरा, अंबेडकर चौक और फिर कांग्रेस भवन में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य आतिशबाजी कर स्वागत किया। कांग्रेस भवन पहुंचते ही अमन ने समस्त कांग्रेसजनों का आशीर्वाद लेते हुए जननेता राहुल गांधी का हाथ मजबूत करते हुए देश के लोकतंत्र और संविधान बचाने की इस मुहिम को और तेज़ गति देने की बात कही युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया है क्योंकि उन्होंने पार्टी के विकट परिस्थितियों में भी मुझ पर भरोसा किया। वही कांग्रेस भवन में चर्चा रही की अमन के अनुभव और क्रांतिकारी विचारों का निश्चित ही पार्टी को लाभ मिलेगा।

# एससी-एसटी संवर्ग कल्याण संघ ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

भारतीय संविधान के निर्माता विश्व रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती समारोह के विरेन्द्र नगर स्थित चौहान सामुदायिक भवन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति, एससी- एसटी कल्याण संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित कर उनके संघर्षमय जीवनी शिक्षा के क्षेत्र में अनेक उपाधियों भाषा ज्ञान और दलित शोषित पीड़ित सर्वहारा बहुजन समाज को अन्य विकसित समाज के समकक्ष स्तर पर लाने आजीवन बहुजन हिताय बहुजन सेवाय समाजोत्थान के सदैव दृढ़ पक्षधर रहे जिनके बदौलत भारत के संविधान में उल्लिखित अनुच्छेद में संवैधानिक अधिकार प्राप्त हुआ है। उनके द्वारा निर्मित भारतीय संविधान एक मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए 26 जनवरी 1950 को लागू करवाने का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा तथा जो आज समूचे विश्व पटल पर प्रासंगिक एवं अतुलनीय माना जाता है। बाबा



साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के 134 जयंती के अवसर पर एससी-एसटी संवर्ग के सामाजिक वक्ताओं ने अपने विचार अभिव्यक्ति व उद्बोधन में समाज में शिक्षा संघर्ष और संगठन शक्ति विषय और बाबा के विचारधाराओं पर प्रकाश डालते हुए जीवन में आत्मसात करने का आग्रह किये। जिनमें प्रमुख रूप संगठन संरक्षक अमृतलाल जगत अध्यक्ष जगदीश चौहान सचिव चंद्रसाय मांझी गुरूजी सहसचिव राजेंद्र सिंह सिदार सलाहकार चुम्मनलाल पहुप, सुरेंद्र शेष, युवराज रावल प्रवक्ता उत्तर सिदार, रोशन भोई, रामप्रसाद सिदार, कैलाश सिदार, पुष्पक राठिया, अर्जुन कुजूर, मनोज सिदार जयलाल गिरी, अमृत गिरी रूपलाल चौहान, प्रकाश नंद, जगतराम रत्नाकर चंदशेखर सोना, चमरा दीप, अजय दीप, बंशी तांडी, नमिता सिदार, सुनीता बंजारे, जान्हवी चौहान, रमेश चौहान, हिमांशु शेष आदि सहित एससी-एसटी संवर्ग समाज के समाजसेवी जन उपस्थित रहे। जयंती समारोह के कार्यक्रम के संचालन राजेंद्र सिंह सिदार शिक्षक एवं सफल आयोजन का आभार प्रदर्शन चंद्रसाय मांझी गुरुजी द्वारा किया। इसी परिप्रेक्ष्य में आगामी 18 अप्रैल गुड फ्राइडे शासकीय अवकाश के दिन समय दोपहर 3 बजे यादव होटल वन विभाग कार्यालय के सामने संगठन समीक्षा बैठक आहूत किया जिसमें अधिक से अधिक संख्या में एससी-एसटी संवर्ग के सामाजिक जनों की उपस्थिति देने की अपील किया गया है। उपरोक्त सामाजिक व सांगठनिक जानकारी राजेंद्र सिंह सिदार शिक्षक ने प्रैस विज्ञप्ति में दी

# अंकित ने की राष्ट्रीय महासचिव से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दिल्ली प्रवास के दौरान खल्लारी क्षेत्र के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नए भवन इंदिरा भवन में कांग्रेस से राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी सचिन पायलट से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के साथ-साथ महासमुंद जिले की राजनीति पर भी चर्चा की।

उन्होनें स्वतंत्रता संग्राम में कांग्रेस के योगदान, अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाए हुए



जननायकों के कहे अमृत वचनों से सुसज्जित और कांग्रेस के इतिहास को बताती हर दीवार के साथ साथ कांग्रेस की विचारधारा जिसके मूल्यों पर विश्वास करते हुए पार्टी चलती है जिसमें लोकतंत्र, राष्ट्रवाद, धर्मनिरपेक्षता, समावेशी विकास, सामाजिक न्याय प्रमुख बिंदु का अनुसरण करने की बात कही। आगे अंकित ने बताया कि यहां कांग्रेस के रहे निशान चरखा, बैल जोड़ी, गाय और बछड़ा और पंजा का इतिहास, वाली ये पांच मंजिला इमारत भारत के इतिहास को दोहराती है। अंकित ने कहा कि मुझे यकीन है कि मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका, सचिन पायलट, भूपेश बघेल और पूरी कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में हम भारत देश को सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित निवास बना के रख सकेंगे।




**खबर संक्षेप**



## पोषण पखवाड़ा आयोजित

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 28 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर अतिथि पार्षद विजय साव शामिल हुआ। साथ में पूर्व पार्षद अनिता साव एवं वार्ड की महिलाएं उपस्थित रहीं।



## सुपोषण चौपाल का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती महिलाओं का गोध भराई कार्य किया गया एवं स्वच्छता पौष्टिक आहार व व्यायाम के बारे में बताया गया इस कार्यक्रम में पंच त्रिवेणी चंद्राकर, पंच राखी पटेला, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूनम चंद्राकर, आंगनबाड़ी सहायिका कैंसर सूर्यवंशी, मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन हीराबाई चंद्राकर, मनु चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, संतोषी टंडन, मीना चंद्राकर उपस्थित थे।



## उखरा में मनाई गई अंबेडकर जयंती

नर्रा। ग्राम उखरा में भारत रत्न संविधान के निर्माता एवं समाज सुधारक डां भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को मनाई गई। इस अवसर पर पुरुषोत्तम सागर, गुलशन सुरमणी, विनय कुमार पाण्डे एवं संतराम सुरमणी, चुकंदर सिंह सुरमणी, संतराम मधुकर एवं युवा साथी मौजूद रहे।

### आशंका : राशन दुकान में कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



# जर्जर भवन में संचालित शासकीय राशन दुकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

नगर के नागरिकों को सरकारी राशन प्राप्त करने के लिए न केवल घंटों इंतज़ार करना पड़ता है, बल्कि अपनी जान भी जोखिम में डालनी पड़ रही है। पिथौरा के क्रमांक-2 में संचालित शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकान एक अत्यंत जर्जर और क्षतिग्रस्त भवन में संचालित हो रही है, जहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

छत्तीसगढ़ सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीब और जरूरतमंद लोगों को सस्ते दरों पर अनाज उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के चलते यहां बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। दुकान में न तो बैठने की व्यवस्था है, न पीने के पानी की सुविधा और न ही शौचालय। यदि किसी को राशन लेने के दौरान वॉशरूम की आवश्यकता हो जाए, तो उन्हें घर लौटना पड़ता है, जिससे उनका नंबर छूट जाता है और पूरा दिन बर्बाद हो जाता है।

सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को होती है, जो अपने छोटे बच्चों के साथ घंटों इंतज़ार करते हैं। भवन की छत इतनी जर्जर हो चुकी है कि खपरेल की जगह अस्थायी रूप से त्रिपाल डालकर काम चलाया जा रहा है। भवन की हालत देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है।

### 90 लाख की आय फिर भी नहीं कराई मरम्मत

उल्लेखनीय है कि यह दुकान कौड़िया सहकारी विपणन संस्था की भूमि पर स्थित है। संस्था द्वारा उचित मूल्य की दुकान के सामने 9 दुकानें बनाकर नीलामी की गईं, जिससे करीब 90 लाख रुपये की आमदनी हुई। इसके अतिरिक्त हर दुकान से मासिक 700 रुपये किराया भी प्राप्त होता है। बावजूद इसके, वर्षों से जर्जर भवन की मरम्मत तक नहीं कराई गई, जो जिम्मेदारों की उदासीनता को दर्शाता है। स्थानीय निवासियों की मांग है कि जल्द से जल्द इस राशन दुकान का जीर्णोद्धार कराया जाए, ताकि उन्हें सुरक्षित वातावरण में राशन प्राप्त हो सके और किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

### व्यवस्था कराई जाएगी

सहकारी समिति को इस भवन की व्यवस्था करनी चाहिए क्योंकि यह उनकी संस्था से संबंधित है। वर्षों से भवन जर्जर स्थिति में है। पीने के पानी और बैठने की व्यवस्था जल्द ही कराई जाएगी।

**-देवसिंह निषाद,**
अध्यक्ष, नगर पंचायत पिथौरा

### कराया जाएगा सुधार

पिथौरा के कर्मचारियों को पुराने भवन का इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही सुधार कार्य शुरू कराया जाएगा।

**-संजय कुमार गुप्ता,**
सहकारी उप पंजीयक, महासमुंद

# गिरना के जंगल में मिला नर चीतल का क्षत-विक्षत शव






हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

- वन्य जीव के जान खतरे में गिरना जंगल में मिला मृत चीतल

वन परिक्षेत्र पिथौरा के ग्राम गिरना के कक्ष क्रमांक 230 के जंगल में गुरुवार को एक नर चीतल मृत अवस्था में पाया गया। चीतल का शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में जंगल के भीतर पड़ा हुआ था, जिसकी जानकारी तब मिली जब वनकर्मी जंगल में लगी आग को बुझा रहे थे और उन्हें दुर्गंध का अहसास हुआ। सूत्रों की मानें तो वन विभाग इस मामले को दबाने की कोशिश में जुटा था और मीडिया तक जानकारी न पहुंचे इसके लिए तमाम कोशिश कर चुपचाप इसे निपटाने की तैयारी कर रहा था। लेकिन जागरूक ग्रामीणों की सतर्कता के चलते यह मामला सामने आया। गौरतलब है कि हाल ही में हरिभूमि समाचार पत्र में 'भीषण आग से धधक उठा गिरना उपवन परिक्षेत्र, 5 दिनों से सुलग रहा जंगल, विभाग बना मूकदर्शक' शीर्षक से खबर प्रकाशित की गई थी। उसी जंगल में अब एक वन्यजीव की मृत्यु ने विभाग की लापरवाही पर और सवाल खड़े कर दिए हैं। जंगल में आग लगने के मामले में सूत्रों का कहना है कि आग से हुए नुकसान के मूल्यांकन को लेकर विभाग के अधिकारी चंद रकबे की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं, ताकि उच्च अधिकारियों के सवालों और कार्रवाई से बचा जा सके। इस संबंध में उप वनमंडलाधिकारी यूआर बसंत ने जानकारी देते हुए बताया कि मृत वन्यप्राणी नर चीतल था, और उसका पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, यह चीतल तेंदुए के हमले में मारा गया। उन्होंने बताया कि विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार, यदि किसी वन्यजीव की मौत मांसाहारी जानवर के हमले से होती है, तो उसके अवशेषों को जंगल में उसी स्थान पर छोड़ दिया जाता है, ताकि वह मांसाहारी जीवों के लिए भोजन बन सके। हालांकि विभाग का यह बयान अपनी जगह, लेकिन जंगल में कई दिनों तक लगी आग, विभाग की निष्क्रियता और अब वन्यजीव की रहस्यमयी मौत इन सबने मिलकर एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या यह केवल तेंदुए का हमला था या फिर विभागीय लापरवाही का नतीजा।

# हर पात्र हितग्राहियों के लिए होगा पक्का घर, जरूरतमंदों को मिलेगा आवास योजना का लाभः विधायक सिन्हा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरुवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम साराडीह में पीएम आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 के सर्वे के लिए मोर दुआर-साय सरकार अभियान में शामिल हुए। उन्होंने आवास के लिए पात्र ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें विश्वास दिलाया कि केंद्र और राज्य में हमारी डबल इंजन की सरकार है सभी पात्र हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। वहीं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा खुद हितग्राहियों के पास पहुंचे और सर्वे कार्य में सम्मिलित हुए। बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को बस्तर जिले से पीएम आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 के सर्वे के लिए मोर दुआर-साय सरकार अभियान की शुरुआत की। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। गुरुवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी इस अभियान के तहत सर्वे कार्यक्रम में ग्राम साराडीह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय में नेतृत्व में हमारी सरकार का उद्देश्य हर पात्र ग्रामीण परिवारों को पक्का घर मुहैया करवाना है। इस दौरान महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर सहित अन्य नेतागण, ग्रामीणजन व

# विधायक ने किया सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन

## वर्षों से पक्की सड़क का इंतजार कर रहे थे बरेकेल झांपीमौहा क्षेत्रवासी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

विकासखंड अंतर्गत ग्राम झाँपिमोहा के ग्रामीणों को वर्षों से कच्चे मार्ग का कस्ट झेलना पड़ रहा था जिसे विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने पूरा करते हुए 2 करोड़ 39 लाख रुपए की 2 किमी पक्की सड़क मार्ग का भूमि पूजन किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन की उपस्थिति एवं खुशी देखने को मिली एवं क्षेत्र की पदाधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने सड़क मार्ग का भूमि पूजन किया क्षेत्र की विकास की बात करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास ही मेरी उपलब्धि है उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बसना विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र का मूलभूत विकास किया जाएगा उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी और राज्य में विष्णुदेव साय की सरकार ने साबित किया है कि जो कहा जाता है उसे करके भी दिखाया जाता है उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बसना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव को पक्की सड़कों से जोड़ा जाएगा ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सशक्त बनाया जाएगा एवं यह सड़क परीयोजना न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी बल्कि क्षेत्र के सामाजिक आर्थिक और शैक्षिक गतिविधियों को भी नई दिशा देती है।

विधायक अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र का मूलभूत विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है और बसना विधानसभा ही मेरा परिवार है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल जिला पंचायत सदस्य सीमा नायक, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम, जनपद सदस्य हर प्रसाद पटेल, विमला बेहरा, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी स्वप्निल तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, विधायक ने निज सचिव नरेंद्र बोरे एवं आस पास क्षेत्र के पहुंचे सरपंच गण एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हर घर बसेरा-घर घर बसेरा




**खल्लारी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी में फार्मासिस्ट एवं दो कदम प्रकृति की ओर समिति ( संगठन) के संस्थापक संजय साहू ( आमाकोनी) ने कहा की जैसा कि अभी गर्मी के दिनों में इंसान के साथ साथ पशु - पक्षी को भी बहुत परेशानियो का सामना करना पड़ता हैं। इसीलिए पक्षियों के संरक्षण के उद्देश्य से 'दो कदम प्रकृति की ओर समिति' द्वारा रमन-टोला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महासमुंद में मिट्टी का बसेरा विगत दिनों वितरण किया गया। इस बसेरा में गौरैया और अन्य छोटी पक्षी आसानी से अपना घोसला बना लेते है। साथ ही लोगो को अपने घरों में पक्षियों के लिए दाना-और पानी रखने के लिए आग्रह किया गया। टीम द्वारा अब तक गांवों में हर घर बसेरा लगाकर 'हर ग्राम गौरैया ग्राम अभियान' चला कर अब तक 07 गांवों को गौरैया - ग्राम बनाया जा चुका हैं। उसी कड़ी में 'हर घर बसेरा, घर-घर बसेरा' अभियान के माध्यम से शहरों में भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। जब कोई चिड़िया आपके द्वारा लगाए बसेरा को अपना लेती है और इसका परिवार बढ़ता हैं तो आपके घर में भी सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होने लगता हैं।



## राटापाली में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

**नर्रा।** ग्राम पंचायत राटापाली भवन में 14 अप्रैल को आम सभा का आयोजन हुआ जिसमें भारत रत्न संविधान के निर्माता डां भीमराव अंबेडकर का जयंती मनाई गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों में सरपंच पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी, डीकुमार चौरे, उपसरपंच एकता पटेल, दिलेश्वरी पटेल रोजगार सहायक, ग्राम प्रमुख जगदीश पटेल, राधेश्याम पटेल, पंचगण सोमनाथ यादव, पूरन ध्रुव, रेशम साहू, पवन निषाद, नर्मदा दीवान, मोतीन निषाद, मानबाई ठाकुर, मोहरत यादव, लोकेश्वर यादव, किशोर पटेल, नरेंद्र पटेल इत्यादि ने प्रमुख रूप उपस्थित रहे। इस अवसर अवसर पर अंबेडकर चित्र पर पूजा अर्चन व माल्यार्पण कर जयंती मनाया गई। इसके बाद ग्राम सभा में चर्चा आवास पेंशन एवं गांव गली सीसी रोड़ निर्माण के अलावा पेय जल निस्तारी की समस्या जैसे विभिन्न मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर राटापाली के बीएएसएफ के जवान विनय कुमार यादव जो प्रथम बार ग्राम आगमन पर पंचायत के सरपंच-पंच पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

# उपाध्यक्ष ने जांची वाटर एटीएम की स्थिति, वर्षों बाद शुरु हो पाई पेयजल की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने गत दिनों बस स्टैंड स्थित वाटर एटीएम का निरीक्षण किया। जिसमें जानकारी हुई कि वाटर एटीएम की स्थिति खराब है लोगों की शिकायत भी प्राप्त हुई थी। गर्मी का समय है शुद्ध पेयजल की भारी किल्लत लंबे समय से रहती है जिस पर स्थल से ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सालेम से दूरभाष पर निर्देश दिया गया कि 15 दिनों के अंदर वाटर एटीएम को ठीक कराते हुये लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। सीएमओ ने गंभीरता से लेते हुये वाटर एटीएम के इंजीनियर व उनकी टीम को बुलाकर चालू कराया।

श्री राठी ने आगे बताया कि आज से वाटर एटीएम चालू हो गया है अब बस स्टैण्ड में आने वाले मुसाफिरों, आस पास के व्यापारियों ठेले खोमचे वालों को शुद्ध पेयजल की किल्लत नहीं होगी। खास बात यह रहेगी कि पानी के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा पहले प्री पेड था अब भाजपा की सरकार में निःशुल्क लोगों को पेयजल प्राप्त होगा।

इसके अलावा सीएमओ को ध्यान आकर्षित कराया गया कि बस स्टैण्ड प्रतीक्षालय में पंखे नहीं है। गर्मी का समय है। साफ सफाई भी ठीक से नहीं हो रही है। शिकायत करने पर प्रतीक्षालय के जाले निकाले गये थे। वाटर एटीएम के पास गंदगी है, उसकी भी सफाई आवश्यक है। बस स्टैंड की व्यवस्था को दुरूस्त करने की जरूरत है। बस स्टैंड के रैन बसेरा में महिला रैन बसेरा में सैप्टिक टैंक नहीं है जिसकी अति आवश्यकता है। दीवारों की रंगाई पोताई की भी जरूरत है। वाटर एटीएम चालू करने के समय नगर पालिका उपाध्यक्ष के साथ भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, शरद मराठा, रोशन बग्गा, गौरव राठी मौजूद रहे।

# सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का सफल आयोजन, वार्ड 15 में पोषण के प्रति किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 15 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य समुदाय में पोषण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इसी क्रम में दिनांक 17 अप्रैल को सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती माताओं के लिए गोदभराई और नवजात शिशुओं के लिए अन्नप्राशन संस्कार जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न कराए गए। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर कुंती यादव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता नंदे, कुसुमलता नामदेव एवं देवकी साहू ने कार्यक्रम की रूपरेखा को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया। कार्यक्रम में वार्ड 15 की पार्षद ईश्वरी भोई, संजय भोई एवं कादिर चौहान ने सहभागिता निभाई। साथ ही पत्रकार मनीष सरवैया, क्षेत्रीय निवासी, बच्चे, किशोरी बालिकाएं एवं गर्भवती महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पोषण संबंधी जानकारी एवं आहार संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया। आयोजन के सफल संचालन के लिए आंगनबाड़ी टीम की सराहना की गई। पार्षद ईश्वरी भोई ने कहा कि सरकार के द्वारा इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर होने से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सकता है उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के लिए हम सरकार का वह आंगनबाड़ी सहायिका व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हैं।




